झारखंड
Jharkhand

**बाउंड्री के अंदर बन रही थी नकली विदेशी शराब, कई नामी ब्रांड का चिपकाया जा रहा था रैपर**



**गिरिडीह:** डीसी रामनिवास यादव के निर्देश पर उत्पाद विभाग और गिरिडीह पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नकली विदेशी शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. संयुक्त टीम ने बेंगाबाद के घाघरा में छापा मारा और यहां से 350 पेटी नकली शराब जब्त की गई. इसके अलावा शराब निर्माण में प्रयुक्त सामानों की भी बरामदगी की गई है. इस मामले को लेकर अधीक्षक उत्पाद शिवकुमार साहू ने प्रेस वार्ता की. मौके पर बेंगाबाद थाना प्रभारी अमन कुमार भी मौजूद थे.

**बाउंड्री के अंदर बन रही थी शराब**

अधीक्षक उत्पाद ने बताया कि जिलाधिकारी रामनिवास यादव ने सख्त निर्देश दे रखा है कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध शराब का कारोबार नहीं चलना चाहिए. डीसी के निर्देश के तहत लगातार सूचना एकत्र की जा रही है. इस बीच सूचना मिली कि बेंगाबाद के घाघरा नामक स्थान पर एक बाउंड्री के अंदर अवैध रूप से शराब निर्माण किया जा रहा है. इस सूचना का सत्यापन किया गया. सत्यापन होने के बाद एक टीम का गठन किया गया.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/state/fake-foreign-liquor-factory-busted-in-giridih-jhs26071202702